# MMMUT के 8 शिक्षक दुनिया के टॉप रिसर्चर्स में शामिल: एक प्रोफेसर टॉप 1%, सात टॉप 5% कैटेगरी में शामिल

अभिजीत सिंह | गोरखपुर
1 महीने पहले



मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MMMUT) ने रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। ग्लोबल साइंटिफिक इंडेक्स (GSI) जून-2026 में यूनिवर्सिटी के कुलपति समेत 8 शिक्षकों को दुनिया के बेहतर रिसर्चर्स की लिस्ट में जगह मिली है। इस उपलब्धि से MMMUT की रिसर्च क्षमता और एकेडमिक पहचान को इंटरनेशनल लेवल पर नई मजबूती मिली है।

टॉप 1% रिसर्चर्स में शामिल हुए डॉ. मनोज

दुनियाभर के वैज्ञानिकों और रिसर्चर्स के काम का मूल्यांकन करने वाले इस इंडेक्स में यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने ग्लोबल साइंटिफिक इंडेक्स में टॉप 1% रिसर्चर्स की कैटेगरी में जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है।

7 शिक्षक टॉप 5% रिसर्चर्स की लिस्ट में शामिल

डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के अलावा कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा, रसायन अभियंत्रण विभाग के डॉ. रवि शंकर, प्रो. संजय मिश्र, डॉ. पल्लव गुप्ता, डॉ. सत्य प्रकाश यादव, प्रो. डीके द्विवेदी और डॉ. सात्विक वत्स को भी टॉप 5% रिसर्चर्स की कैटेगरी में शामिल किया गया है।

रिसर्च पेपर और इनोवेशन के आधार पर मिली रैंकिंग

इस ग्लोबल रैंकिंग में चयन के लिए रिसर्चर्स के काम को कई स्तर पर परखा गया। इसमें इंटरनेशनल जर्नल्स में प्रकाशित रिसर्च पेपर, साइटेशन, इनोवेशन, रिसर्च क्वालिटी और शोधार्थियों को दिए गए गाइडेंस जैसे पैरामीटर्स शामिल किए गए। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर MMMUT के शिक्षकों ने इस लिस्ट में जगह बनाई।

पूरी टीम की मेहनत का परिणाम

कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा ने कहा कि ग्लोबल साइंटिफिक इंडेक्स में शिक्षकों को मिली यह पहचान विश्वविद्यालय के लिए गर्व का पल है। यह उपलब्धि शिक्षकों की मेहनत, रिसर्च के प्रति समर्पण और लगातार बेहतर प्रदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय रिसर्च और इनोवेशन को लगातार बढ़ावा दे रहा है। आने वाले समय में MMMUT की एकेडमिक और रिसर्च पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us


## खबरें और भी हैं...

गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार युवक की गर्दन कटी: पीछे बैठे दो अन्य युवक सुरक्षित, पुलिस हिरासत में पूछताछ जारी
मालव(बांसगांव)

चौरी-चौरा में वन महोत्सव, विधायक ने किया पौधारोपण: गौनर के विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम, सभी ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प
डुमरी खास(चौरी चौरा)

खीरीडाड़ में बी-पैक्स समिति का शुभारंभ: विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन, किसानों को समय पर मिलेगी खाद-बीज की सुविधा
सहजनवां

रोडवेज बस ने पुलिस वाहन को टक्कर मारी, तीन घायल: गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर हादसा, पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त, चालक फरार
मालव(बांसगांव)

राधिका महाविद्यालय में 10 फलदार पौधे लगाए गए: रासेयो के तत्वावधान में संरक्षण का भी लिया गया संकल्प
रियांव(बांसगांव)

बड़हलगंज के गढ़वा रामपुर निवासी अधिकारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी: बिहार सरकार में संयुक्त सचिव स्तर पर पदोन्नत हुए देवेंद्र प्रताप शाही, गांव में खुशी की लहर
बड़हलगंज(गोरखपुर)

गोरखपुर में युवती का अपहरण कर ले गया युवक: पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
कटसहरा(सहजनवा)

DDU के सांख्यिकी टॉपर को मिलेगा गोल्ड मेडल: पूर्व छात्र प्रो. टीडी द्विवेदी की याद में यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट के बीच हुआ MoU
गोरखपुर

गोरखपुर में अब और सुरक्षित होगा स्कूल सफर: चालकों-परिचालकों को मिलेगी ट्रेनिंग, सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वालों पर सख्ती
गोरखपुर

पिपराइच चीनी मिल में 2026-27 सत्र की तैयारी तेज: रोलर पूजन से शुभारंभ, गुणवत्तापूर्ण मरम्मत के निर्देश, जवाबदेही तय होगी
पिपराइच(गोरखपुर)

DDU में 16 जुलाई को 'लोगो कंपटीशन': 45वें दीक्षांत के लिए प्रतिभा दिखाएंगे स्टूडेंट्स, बेहतरीन का होगा चयन
गोरखपुर

सीएम योगी करेंगे भटहट-बॉसस्थान फोरलेन का लोकार्पण: जंगल डुमरी में तैयारियां तेज, सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता
एकला नंबर 2(गोरखपुर सदर)

गोरखपुर में 'चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगे: कांग्रेसियों ने सद्बुद्धि यात्रा निकाली, बोले- बड़े साजिशकर्ताओं पर FIR हो
गोरखपुर

हर घर जल योजना का पानी दो साल से नहीं: कुसहरा-काजीपुर में टोंटियां शोपीस, ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर
जंगल कौड़िया(गोरखपुर)

मुख्यमंत्री आगमन से पहले आयुष विश्वविद्यालय में तैयारियां तेज: गोरखपुर में सेंट्रल एसी मरम्मत, ठप पड़े प्रेक्षागृह का कार्य शुरू
भटहट(गोरखपुर)

गोरखपुर में अचानक बदला मौसम: घने बादल और ठंडी हवा से मिली राहत, 10 जुलाई तक बारिश का अलर्ट
गोरखपुर

सिर्फ फोटोबाजी हो रही, अधिकारी साथ चलें तो दिखाऊं हकीकत...: वार्ड-47 के लोगों में नाराजगी, बोले- गलियों में नाले का पानी भरा है
गोरखपुर

विस्तारित क्षेत्र की महायोजना के लिए नहीं मिल रहे कंसल्टेंट: चौथी बार जारी हुआ RFP; भू उपयोग न होने से मानचित्र नहीं पास होते
गोरखपुर

महावीर छपरा में 'स्कूल चलो अभियान' रैली: अभिभावकों को बच्चों के नामांकन हेतु किया जागरूक
जंगल अखलास कुंअर(सहजनवा)

ब्रह्मपुर में 26 साल से अधूरा पुल: राजधानी-नई बाजार मार्ग पर एप्रोच न बनने से हजारों लोग जोखिम में
ब्रह्मपुर(गोरखपुर)


दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

वीडियो और देखें




आज का राशिफल
मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- आपकी मेहनत और योग्यता की लोग सराहना करेंगे। अपना सामाजिक दायरा और बढ़ाएं। ये संपर्क आपके लिए फायदेमंद रहेंगे। आलस न करें और अपने मन मुताबिक कामों पर ध्यान दें। निश्चित ही सफलता मिलेगी। नेगेटि...
और पढ़ें



Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved
This website follows the DNPA Code of Ethics.